# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 10.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **युवती के ब्लाइंड मर्डर की घटना का थाना बिसंडा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के भीतर किया गया सफल अनावरण। मृतका के मौसेरे भाई ने ही शादी से मना करने पर कुल्हाड़ी से गले पर वार कर की थी हत्या। अभियुक्त को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, आलाकत्ल व मृतका को मोबाइल फोन बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण में थाना बिसंडा पुलिस द्वारा दिनांक 09.05.2025 की भोर में युवकी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना बिसंडा के ग्राम लौलीटीकामऊ में दिनांक 10.05.2025 की भोर में प्रियंका पुत्री राम प्रताप उम्र लगभग 25 वर्ष, को अज्ञात अभियुक्त द्वारा कमरे में धारदार हथियार से गले में वार कर बुरी तरह घायल कर दिया गया थी जिसे परिजनों द्वारा इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना बिसंडा पर अभियोग पंजीकृत करते किया गया था। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह के नेतृत्व में 03 टीमों को लगाया गया था। पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना के क्रम में भौतिक एवं तकनीकि साक्ष्यों का संकलन करते हुए साक्ष्यों के विश्लेषण से घटना का 24 घण्टे के भीतर सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में घटनाक्रम इस प्रकार रहा कि मृतका प्रियंका की सगी मौसी का लड़का हरीशंकर की पिछले कुछ महीनों से बातचीत हो रही था तथा दोनों में प्रेम-प्रसंग चल रहा था, इस बात का कुछ संदेह मृतका के परिजनों को भी था। हरीशंकर अक्सर प्रियंका से मिलने आता था तथा उससे शादी करने को कहता था परन्तु मौसेरा भाई होने के नाते प्रियंका शादी के लिए मना कर देती थी। दिनांक 08/09.05.2025 का रात्रि भी वह प्रियंका से मिलने आया था और उससे शादी की बात कहने लगा लेकिन प्रियंका ने उसे मना कर दिया। इस पर आवेश में आकर उसने पास में पड़ी कुल्हाड़ी से प्रियंका के गले में तीन वार किए और उसे मृत समझकर वहां से भाग गया। सुबह परिजनों ने प्रियंका को खून लथपथ देखा तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

**बरामदगी-**

- आलाकत्ल कुल्हाड़ी
- मृतका का एंड्रायड मोबाइल फोन

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. हरीशंकर पुत्र चुन्नू वर्मा उम्र 20 वर्ष नि0 पुनाहुर थाना बिसंडा जनपद बांदा

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. थानाध्यक्ष बिसंडा कौशल सिंह
2. उ0नि0 वीरेन्द्र त्रिपाठी
3. उ0नि0 मो0 अकरम सिद्दिकी
4. कां0 संजीव कुमार
5. कां0 राहुल यादव
6. कां0 उत्कर्ष शुक्ला
7. कां0 शिवजीत